**प्रेषक,**

**निदेशक,**
पंचायती राज, उत्तर प्रदेश।

**सेवा में,**

**समस्त जिला पंचायत राज अधिकारी,**
उत्तर प्रदेश।

**पत्रावली संख्या:-** PRD-RGSA0OTMW/58/2025-DOPRRGSA

**विषयः- सी०एम० डैशबोर्ड पर प्रदर्शित प्रारूप को भरने के सम्बन्ध में।**

**महोदय,**

कृपया सी०एम० डैशबोर्ड के सम्बन्ध में माननीय मुख्यमंत्री कार्यालय में दिनांक 10 जून, 2026 को आयोजित समीक्षा बैठक में ग्राम सचिवालय के सम्बन्ध में नवीन प्रारूप पर सूचना उपलब्ध कराये जाने के दिशा-निर्देश प्राप्त हुए हैं।

उक्तानुसार प्राप्त दिशा-निर्देशों के क्रम में ग्राम सचिवालय के संचालन तथा उसमें अवस्थापना सुविधाओं के अनुश्रवण हेतु निम्नांकित दो प्रारूपों को विभागीय एम०पी०आर० पोर्टल पर विकसित किया गया है:-

(1) सी०एम० डैशबोर्ड में ग्राम सचिवालय की पूर्ण की स्थिति, सी०एस०सी० संचालन की प्रगति एवं सचिवालय से विभिन्न सेवाओं को प्रदान किये जाने की प्रगति का प्रारूप, जिसका अनुश्रवण जनपद स्तर पर जिलाधिकारी के द्वारा किया जायेगा एवं उक्त के आधार पर जनपद व विभाग की रैकिंग पोर्टल पर स्वतः प्रदर्शित होगी।

(2) ग्राम सचिवालय के विभिन्न अवस्थापना सुविधाओं के विवरण से सम्बन्धित प्रारूप।

उपरोक्त दोनों प्रारूप पर पृथक-पृथक सूचना ग्राम पंचायतवार अंकित की जाएगी एवं प्रत्येक माह के तृतीय सप्ताह में प्रारूप को ग्राम पंचायत स्तर से अद्यतन किया जाएगा, जिसमें सेवाओं की संख्या ऑनलाइन माध्यम (ई-डिस्ट्रिक्ट एवं सी०आर०एस० पोर्टल) से प्राप्त करते हुए अंकित की जाएगी।

Digitally signed by
MANISH KUMAR
Date: 15-06-2026
16:58:38

अतः तत्क्रम में आपको निर्देशित किया जाता है कि निर्धारित दोनों प्रारूपों पर ग्राम पंचायतवार प्रगति एक सप्ताह के भीतर विभागीय एम०पी०आर० पोर्टल पर अद्यतन कराना सुनिश्चित करें, जिससे कि उक्त सूचनाओं का प्रदर्शन सी०एम० डैशबोर्ड पर किया जा सके।

**संलग्नकः- उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

Digitally signed by
AMIT KUMAR SINGH
Date: 15-06-2026
17:02:55

**(अमित कुमार सिंह)**
निदेशक,
पंचायतीराज, उ०प्र०।

**प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उत्तर प्रदेश।
5. समस्त मण्डलीय उपनिदेशक (पं०), उत्तर प्रदेश।

**(मनीष कुमार)**
उपनिदेशक (पं०)
पंचायतीराज, उ०प्र०।